## News and Notifications of ABJBF Central Unit

**03.04.20**

Karnataka Jain Association has undertaken a charitable initiative and distributed 13700 food packets to Construction workers and others during last 3 days. They plan to distribute 6000 food packets per day until 14th April. Our Ex vice president Shri Rajendra Kumar is a key functionary in KJA.

K.K.Jain
President
ABJBF

**26.04.2020**

6 अप्रैल 2020 को महावीर जयंती के पावन अवसर पर हमारे संरक्षक श्री आरसी लोढ़ा जी के द्वारा सुझाए गए कुछ कार्यक्रम को निम्न प्रकार अपना सकते हैं:

1. प्रातः अपने घर की छत पर या बालकोनी में पांच रंग का जैन ध्वज लगाना।
2. परिवार के सदस्य घर के बाहर/ ऊपर बालकोनी में जाकर भगवान महावीर के स्लोगन, जयकारों, ताली आदि के माध्यम से भगवान महावीर का उद्घोष करें।
3. सरकार द्वारा सुझाए गए करोना को हराने संबंधित सभी नियमों का पालन करें।
4. दोपहर को कम से कम 30 मिनट के लिए नवकार मंत्र की जाप या स्वाध्याय।
5. शाम को -घर की बालकनी में या घर के दरवाजे के आगे कम से कम पांच दीपक जलाकर रखना एवं भगवान महावीर की सामूहिक आरती करना।

इस अवसर पर हम अपने सदस्यों की जैन बैंकर यूनिट स्तर पर निम्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर सकते हैं:

16 वर्ष से 40 वर्ष की आयु तक के लिए निबंध प्रतियोगिता
विषय - करोना उपचार/ बचाव हेतु जैन सिद्धांतों का पालन कराना ) अधिकतम शब्द सीमा 500 )
इस प्रतियोगिता में जैन बैंकर सदस्य अथवा उनके परिवार सदस्य भाग ले सकते हैं।

5 वर्ष से 15 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए--
-भगवान महावीर सिद्धांतों और शिक्षाओं पर कविता अथवा कहानी के माध्यम से लिखना।
(प्रस्तुति बच्चे की स्वयं की होनी चाहिए(

शाखा सदस्यों द्वारा प्रविष्टियां ईमेल या व्हाट्सएप के माध्यम से शाखा सचिव या अध्यक्ष को प्रेषित की जाए। (अधिकतम 10 अप्रैल तक(
शाखा स्तर पर प्रविष्टियों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्तर पर आई प्रविष्टियों का चयन करें एवं लोक डाउन के उपरांत उनका शाखा द्वारा आयोजित मीटिंग में सम्मान एवं पुरस्कृत करें।
सभी शाखाएं इन तीनों चयनित प्रविष्टियों को केंद्रीय कार्यालय को ईमेल अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से प्रेषित करें.
केंद्रीय कार्यालय स्तर पर सभी शाखाओं से प्राप्त चयनित प्रविष्टियों में से केंद्रीय स्तर पर सर्वोत्तम प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रविष्टियों का चयन किया जाएगा एवं आगामी केंद्रीय अधिवेशन में उनका सम्मान एवं पुरस्कृत किया जाएगा.

महावीर जयंती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित।

जेके जैन
राष्ट्रीय महासचिव

**26.04.2020**
नीचे दर्शाया गया मैसेज दिल्ली एनसीआर से प्रकाशित जैन पत्रिका के मुख्य संपादक श्री प्रवीन जैन जी को प्रेषित किया गया है।

श्री प्रवीण जी
सादर जय जिनेंद्र

हमारे द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर एक अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम के नाम से एक संस्था चला रहे हैं जिसकी देश के विभिन्न भागों में 25 से भी अधिक शाखाएं हैं, जिनका विवरण नीचे दर्शाया गया है। आपकी पत्रिका के एडिटर देश के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते रहते हैं अतः हम आपसे अनुरोध करना चाहते हैं हैं कि इन स्थानों पर यदि कोई जैन समाज का व्यक्ति अथवा परिवार इस कोरोना लोक डाउन के कारण परेशान है तो कृपया इसकी सूचना हमें दे हम प्रयास करेंगे कि अपनी संबंधित शाखा को वह सूचना प्रेषित कर उस जैन परिवार को यथासंभव सहायता प्रदान कराने का प्रयास करेंगे।

आप यह सूचना अन्य समाचार पत्रों के संवाददाताओं को भी प्रेषित कर सकते हैं ताकि पीड़ित जैन परिवार की सूचना हमें यथा समय प्राप्त हो सके एवं उसकी समस्याओं का समाधान करने में हम सहायक हो सके तो यह हमारा सौभाग्य होगा।

बेंगलुरु, भोपाल,जबलपुर,इंदौर,सागर,ललितपुर,आगरा,अलीगढ़, एटा, हाथरस, झांसी, दिल्ली पूर्व, दिल्ली बेस्ट, गाजियाबाद, ट्रांस हिंडन गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, देहरादून,गुड़गांव, हिसार, जयपुर, कोटा,अलवर,उदयपुर.

अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाओं सहित।

जेके जैन
राष्ट्रीय महासचिव
अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम

**10.05.2020**
अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की समस्त यूनिट्स मै विभिन्न पदो में समरूपता लाने के लिए फोरम की कोर कमेटी द्वारा निम्ननुसार निर्णय लिया गया है।
१ . सभी यूनिट में यूनिट स्तर पर पदाधिकारियों का चयन निम्न प्रकार किया जाएगा
अध्यक्ष - 1
उपाध्यक्ष
सचिव) Secretary) - 1
संयुक्त सचिव) Joint Secretary)
कोषाध्यक्ष - 1
सह कोषाध्यक्ष-1

२. महासचिव) जनरल सेक्रेट्री (केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही एक होगा।
३. शाखाएं उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव अपनी आवश्यकतानुसार एक या अधिक रख सकेंगी
४. अन्य कुछ पद जैसे संरक्षक, संगठन मंत्री, तकनीकी मंत्री, ऑडिटर, आवश्यकता अनुसार पदस्थापित किए जा सकते है।
५ .फोरम के विभिन्न प्रकलपो के लिए उप समितियो का गठन भी शाखा स्तर पर क़िया जा सकता हैं।

६. यहां हम यह भी स्पष्ट करना चाहेंगे कि यदि किसी शाखा में सदस्य संख्या अधिक है तो भोगोलिक आधार पर एक शहर में एक से अधिक शाखाओं की स्थापना कर सकते हैं। जैसे गाजियाबाद में हमारे द्वारा दो यूनिट का गठन किया गया है एक गाजियाबाद एवं दूसरी ट्रांस हिंडन गाजियाबाद।
७. उपरोक्त सभी नियम सभी शाखाओं पर समान रूप से लागू होंगे ।
अतः अनुरोध है की सभी शाखाएं इसी के अनुसार अपनी शाखाओं में विभिन्न पदों पर नियुक्ति करें।

शुभकामनाओं सहित

केके जैन            जेके जैन
अध्यक्ष            महासचिव

**10.05.2020**

सभी सम्मानित सदस्य को सादर जय जिनेंद्र

इस महामारी संकट के समय निश्चित ही अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की सभी शाखाएं अपने स्तर पर एवं जैन समाज के सहयोग से न केवल जैन समाज के जरूरतमंदों अपितु अन्यत्र समाजों के जरूरतमंदों की यथासंभव सहायता कर रहे हैं, जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं आप सभी को इन सभी कार्यों के लिए बहुत-बहुत साधुवाद ।

फिर भी जैन समाज में ऐसे कुछ परिवार अवश्य मिलेंगे जो संकोचवश या शर्म की वजह से आगे नहीं आ पाते। अतः मेरा सभी यूनिटों के सचिव / अध्यक्षों से यह अनुरोध है कि वे यथासंभव अपने स्तर पर यह सुनिश्चित करें कि उनके आसपास अथवा उनके क्षेत्र में कोई ऐसा जैन परिवार तो नहीं है जो आवश्यकता होने पर भी संकोचबस संपर्क नहीं कर पा रहे हो, उनकी पहचान कर उन्हें यथासंभव सहयोग अवश्य करने की कोशिश करें। यही कार्य हमारे द्वारा ट्रांस हिंडन गाजियाबाद में किया गया है जिसमें 3 परिवारों को संपर्क स्थापित कर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

पुन :आप सभी को आपके द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं साधुवाद।

शुभकामनाओं सहित।

जेके जैन
महासचिव

**20.07.20**

सभी शाखा के सचिव /अध्यक्षों से अनुरोध है कि रक्षाबंधन पर्व पर यदि संभव हो तो निम्न निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रयास करें। जो भी शाखा इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है वह नीचे दर्शाए गए क्रम संख्या 04 पर अपना मेल आईडी एवं व्हाट्सएप नंबर दे ताकि प्रतिभागी उस पर अपनी प्रविष्टियां प्रेषित कर सकें।
निबंध लेखन प्रतियोगिता
पष्टपट्टाचार्य, सराकोद्धारक पूज्य आचार्य 108 श्री ज्ञानसागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा व आशीर्वाद से रक्षाबंधन पर्व पर एक निबंध प्रतियोगिता कराए जाने का निर्णय लिया गया है जो भी प्रतिभागी इसमें भाग लेना चाहते हैं व नीचे दिए हुए Mail ID या Whatsapp No. के माध्यम से अपनी प्रवष्टि भेज सकते हैं।
विषय : रक्षाबंधन पर्व का धार्मिक एवं लौकिक महत्व
नियमावली :
1. आप अपनी प्रविष्टि नीचे दिए हुए लिंक के माध्यम से भेज सकते हैं।
2. निबंध की शब्द सीमा कम से कम 300 शब्द अधिकतम 1000 शब्द है।

3. निबंध हाथ से लिखकर उसकी फोटो लेके भी अपलोड कर सकते हैं या सॉफ्ट में टाइप किया हुआ नीचे दिए हुए mail or whatsapp no. के माध्यम से दे सकते हैं।
4. Mail ID :
Mobile No.
5. प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 3 अगस्त 2020 है ।
6. निर्याणक मंडल का निर्णय अंतिम होगा
शाखाएं उपरोक्त निबंध प्रतियोगिता अपनी शाखा स्तर पर आयोजित कर सकती है एवं प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए प्रतिभागियों को शाखा स्तर पर पुरस्कृत कर सकती है।
आयोजित की गई प्रतियोगिता की विस्तृत रिपोर्ट फोटो के साथ हमें भेजने की कष्ट करें।

जेके जैन
महासचिव

शाखाओं से यह भी अनुरोध है कि शाखाओं पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में आई प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रविष्टियां हमें प्रेषित करें ताकि हम उन प्रविष्टियों को आचार्य श्री के तत्वाधान में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल को प्रेषित कर सके। निर्णायक मंडल को प्राप्त सभी प्रविष्टियों में से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को क्रमश: Rs 3100/- , Rs.2100/- एवं Rs.1100/- के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

जेके जैन
महासचिव

**21.07.20**
**तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट हेतु अपील**
जैसा कि आप सभी को विदित है है कि हमारे द्वारा Jain banker forum ke प्रथम वार्षिक अधिवेशन में निर्बल आय वर्ग के जैन परिवारों के बच्चों जो धन के अभाव में अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पाते थे को सहायता हेतु एक ट्रस्ट चालू करने की घोषणा की गई थी जिसका शुभारंभ 1 जनवरी 2014 को विधिवत रजिस्ट्रेशन करा कर किया गया था। ट्रस्ट का नाम आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज द्वारा सुझाए गए नाम तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट के नाम पर रखा गया था। हमें बताते हुए प्रसंता है कि पिछले 6 वर्षों में इस ट्रस्ट के द्वारा हर वर्ष 100 से 120 बच्चों की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है और पिछले 6 वर्षों में trust द्वारा लगभग 50लाख से भी अधिक की राशि आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जा चुकी है हम हर वर्ष ट्रस्ट का एक वार्षिक अधिवेशन आयोजित करते थे जिसमें हमें इतनी राशि दान एवं सदस्यता के रूप में प्राप्त हो जाती थी कि हमारे पूरे साल का खर्च उस प्राप्त धन से चल जाता था परंतु इस वर्ष कोरोना महामारी के कारण हम यह अधिवेशन संपन्न नहीं करा सके जिसके कारण हमें प्राप्त होने वाली धनराशि भी प्राप्त नहीं हो सकी जिससे हम इस वर्ष बच्चों की सहायता कर पाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं अतः मैं इस forum के माध्यम से अपनी सभी शाखाओं के अध्यक्ष /मंत्रियों से अनुरोध करना चाहता हूं कि वह आगे आकर इस पुनीत कार्य में सहयोग करने का अपनी शाखा के सदस्यों से आवाहन करें एवं खुद भी इस दिशा में आगे आए ताकि हम अपने ट्रस्ट के इस पुनीत कार्य को निर्विघ्नं आगे बढ़ा सके यह सहायता दान अथवा मेंबरशिप के रूप में प्रदान की जा सकती है। दान एक रुपए से अधिक किसी भी राशि का हो सकता है और सदस्यता निम्न प्रकार की राशि जमा करने पर प्राप्त की जा सकती है:
-आजीवन सदस्य) non-voting)- Rs.21000/-
-Trustee सदस्य नामांकन सुविधा उपलब्ध -Rs.1.0 lac
-संरक्षक नामांकन सुविधा उपलब्ध - Rs.251000/-
-विशिष्ट संरक्षक नामांकन सुविधा उपलब्ध Rs.5.0 lac
-परम संरक्षक नामांकन सुविधा उपलब्ध - Rs. 11.0 lac

यहां मैं यह भी बताना चाहूंगा की ट्रस्ट में जो भी धनराशि प्राप्त होती है चाहे वह दान के रूप में प्राप्त हो अथवा सदस्यता शुल्क के रूप में वह राशि केवल बच्चों की आर्थिक सहायता के लिए ही उपयोग में लाई जाती है उस राशि को किसी अन्य खर्चे में उपयोग नहीं किया जाता है। जो भी वार्षिक अधिवेशन यहां तक कि पोस्टेज का खर्च भी ट्रस्ट के सदस्यगण अपनी जेब से आपस में कंट्रीब्यूट करके वहन करते हैं।
अतः मेरा सभी शाखाओं के अध्यक्ष / मंत्रियों से अनुरोध है कि वह इस पुनीत कार्य में स्वयं तो सहयोग करें ही साथ ही अपनी शाखा के सदस्यों से भी व्यक्तिगत रूप से एवं यह मैसेज अपने ग्रुप में प्रेषित करते हुए उनसे भी trust को दान के रुप में या सदस्य के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान करवाने का कष्ट करें ताकि हम ट्रस्ट के इस पुनीत कार्य को नियमित निर्विघ्नं आगे चलाते हुए बच्चों की इसी प्रकार सहायता कर सकें भेजी जाने वाली सहायता राशि कृपया ट्रस्ट के नीचे दिए गए अकाउंट में जमा कर हमें उसकी सूचना व्हाट्सएप के माध्यम से अवश्य प्रेषित करें ताकि उसकी रसीद जारी करके आपको प्रेषित की जा सके।
A/c details--Tirthankar Aadinath Educational Trust A/c no.33575222786 state bank of india Vaishali (Ghaziabad)IFSC code-SBIN0013238

धन्यवाद
शुभकामनाओं सहित

जेके जैन
महासचिव
हमें सूचित करते हुए प्रसंता है कि जैन बैंकर forum के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के के जैन जी उदयपुर द्वारा इस पुनीत कार्य में ट्रस्ट की आजीवन सदस्यता स्वीकार कर ₹ 21000 की राशि प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की है हम उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

**25.07.20**

आदरणीय सदस्यगण
हमारे द्वारा जारी की गई 21 जुलाई 2020 को अपील के माध्यम से मुझे यह सूचित करते हैं प्रसंता ही नहीं अपितु गर्व है कि मात्र 4 दिन के अंतर्गत हमारी शाखाओं के सदस्यों के द्वारा Rs. 280000/- से भी अधिक की राशि के आश्वासन अभी तक हमें प्राप्त हो चुके हैं इसके लिए मैं केंद्रीय कार्यकारिणी की ओर से सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। कोरोना मारामारी के अंतर्गत जब कि हम जानते हैं कि सभी सदस्य अन्यत्र भी स्वयं एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान कर रहे हैं ऐसे समय में सीमित साधनों के मध्य इस प्रकार की सहायता प्रदान करना वास्तव में एक साहसिक एवं अतुलनीय है इसके लिए सभी सदस्यों को मेरा सादर नमन।
जैसा कि हमारे द्वारा प्रथम अपील में अनुरोध किया गया था कि हमारे तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट से हर वर्ष 100 से 120 बच्चों को लगभग Rs.15 से Rs16 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है एवं इसमें हर वर्ष निरंतर वृद्धि ही होती जा रही है क्योंकि trust की लोकप्रियता बढ़ने के कारण हमारे पास देश के सभी क्षेत्रों से आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। अपील जारी करते समय हमारी अपेक्षा थी कि हम अपने जैन बैंकर फोरम से कम से कम पांच लाख की राशि अवश्य ही एकत्रित कर पाने में सफल होंगे । मैं समझता हूं कि हमने मात्र 4 दिन में आधे से भी अधिक का लक्ष्य लगभग 60% लक्ष्य प्राप्त कर लिया है । मैं सभी शाखाओं के अध्यक्ष मंत्रियों से जिनके द्वारा अभी तक कोई सहयोग राशि प्राप्त नहीं हुई है उनसे भी मैं अनुरोध करूंगा कि वह इस और व्यक्तिगत रुचि लेकर हमें अपनी शाखा का सहयोग प्रदान कराने का कष्ट करें।
यहां मैं पुनः यह दोहराना चाहता हूं कि हमारी ट्रस्ट के माध्यम से जो भी राशि हमें दान या मेंबरशिप के रूप में प्राप्त होती है वह केवल बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दिए जाने के लिए ही प्रयोग किया जाती है अन्य किसी खर्चे में, चाहे वह वार्षिक अधिवेशन हो या अन्य खर्च किसी में भी उसका उपयोग नहीं किया

जाता। पिछले 6 वर्षों में मात्र 9 या ₹10000 की राशि केवल ट्रस्ट की वेबसाइट के ऊपर खर्च की गई है अन्य किसी मद में नहीं।
पुनः आपके सहयोग के लिए बहुत-बहुत आभार।
धन्यवाद एवं शुभकामनाओं सहित।

जेके जैन
महासचिव

## 26.07.20

We are pleased to advise that till time consent of undernoted members for donation or Life Membership of Tirthankar Aadinath Educatioal Trust has been recd.
1. Shri Vijendra Jain, Sr. VP,(R) HDFC Bank, Conviner of Proposed, Jain Bankers Forum, Delhi West Unit, Rs.1.0 lac as Trustee Membership
2. Shri K. K.Jain, DGM (R), Rastriya President, Udaipur - Rs.21000/- as Life Membership.
3. Shfi A. K. Raparia, Rastriya Executive President, Agra- Rs.21000/- as Life Membership.
4. Shri R. C. Jain, Member of Agra Unit- Rs.21000/- as Life membership.
5. Shri Vijay Jain, Member of Ghaziabad Unit - Rs.21000/- as Life membership
6. Shri Sharad Jain, President, Hathras Unit- Rs.21000/- as Life Membership
7. Shri Sri Nandan Jsin, Member Ghaziabad Unit- Rs.21000/- as Life membership.
8. Shri Santhosh Jain, CM, CBI, Member of Bhopal Unit Rs. 21000/- as Life Member of Trust
9. Shri J. K. Jain, Rastriya Mahasachiv - Rs.11000/- as donation.
10. Shri S. P. Jain, Rastriya Sr. Vice president - Rs. 11000/- as donation
11. Shri B.S. Jain, Member of Trans Hindan Ghaziabad Unit, Rs. 5100/- as donation.
12. Shri V. K. Jain, Secretary Ghaziabad Unit - Rs.3100/- as donation.
13. Shri Naresh Chand Jain, Central Exe. Comm. Member from Gurugram Rs.3100/- as donation
14. Shri Mahesh Singhal (Jain), AGM, Member of Gurugram, Rs.3100/- as donation
15. Shri O. P. Jain, DGM (R), Patron Gurugram Unit- Rs. 2100/- as donation.
16. Shri Awani Jain, Rastriya Vice President, Agra, Rs.2100/- as donatio.
17. Shri Mahendra Kr. Jain member of Agra Unit - Rs.2100/- as donation.
18. Shri Anil Jain, Member of Ghaziabad Unit, Rs.1000/- as donation
19. Shri A.K.Jain, DGM, Canara Bank, Member of Gurugram Unit Rs. 2100/- as donation.
20. Shri Pawan Jain, President, Gurugram Unit, Rs.2100/- as donation.
21. Shri Rajesh Jain, Secretary, Gurugram Unit, Rs.2100/- as donation
22. Shri D. P. Jain, Member of Gurugram Unit, Rs. 2100/- as donation
23. Shri Ajit Jain, member of Gurugram Unit Rs 2100/- as donation
24. Shri P. K. Jain, GM, Member of Gurugram unit Ra.2100/- as donation
25. Shri Anil Jain, memver of Gurugram unit, Rs.2100/- as donation.
26. Shri Prabhat Goel, Secrrtary , Bhopal Unit Rs.2100/ as donation.
27. Shri Daulat Jain, member of Gurugram Unit Rs.2100/- as donation.
28. Shri Azad Jain, member of Bhopal unit, Rs.2100/- as donation
29. Shri Sanat Jain, member of Bhopal Umit Rs.1100/- as donation.
30. Shri N. K. Jain, AGM, SBI, Member of Trans Hindan Ghaziabad Unit Rs.2100/- as donation
31. Shri Shrayans Jain, Rastriya Treasurar & Member of Trans Hindan Ghaziabad Unit Rs.2100/- as donation
32. Shri KVS Jain, DGM, SBI, President of Trans Hindan Ghazisbad Unit Rs.2100/- as donation

Heartfelt thanks to all for their contribution in Tirthankar Aadinath Educational Trust.

J. K. Jain
General Secretary.

**29.07.20**
तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशन ट्रस्ट से हम उन जैन बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं जो धन के अभाव में अपनी पढ़ाई चालू नहीं रख पाते वह किसी भी क्लास से संबंधित हो। आवेदन करने के लिए हमारे द्वारा एक एप्लीकेशन फॉर्म बनाया गया है जो कि हमारी ट्रस्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस फार्म को पूर्ण रूप से भरकर फार्म में लिखित सभी संलग्नओं के साथ स्थानीय जैन समाज के सेक्रेटरी या अध्यक्ष द्वारा Recommend कराकर ट्रस्ट के पते पर प्रेषित करनी है उसके उपरांत प्रार्थना पत्र ट्रस्ट के सेलेक्शन कमेटी के समक्ष प्रस्तुत होगा और सलेक्शन कमेटी मेरिट के आधार पर स्वीकृति प्रदान कर पैसा सीधे कॉलेज के नाम से चेक या आरटीजीएस के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। स्कॉलरशिप ग्रेजुएशन या उससे अधिक के कोर्स के लिए रिफंडेबल बेसिस पर स्वीकृत की जाती है , नीचे के कोर्सों के लिए नॉन रिफंडेबल basis पर स्वीकृत होती है।
स्वीकृति की एक अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है :
क्लास 10 तक Rs.12000/- प्रतिवर्ष
क्लास 12 तक ₹18000/- प्रतिवर्ष
ग्रेजुएशन के लिए ₹40000/- प्रतिवर्ष
टेक्निकल कोर्स के लिए ₹60000/- प्रतिवर्ष

इंटर या इंटर से अधिक की क्लास के लिए बच्चे की पिछली क्लास में न्यूनतम 75% अंक आने आवश्यक हैं। जितना पढ़ाई का खर्चा है उसमें से न्यूनतम 25% अभिभावकों अपने पास से जमा कराना होगा।
इन सब नियमों के आधार पर Refundable or non-refundable स्कॉलरशिप स्वीकृत की जाती है।
Trust Web site : taedutrust.org

**ABJBF: 30.07.20**
भगवान महावीर जयंती के अवसर पर हमारे द्वारा सभी शाखाओं से दो वर्गों में प्रतियोगिता आयोजन करने का अनुरोध किया गया था:-
1. प्रथम वर्ग - 16 वर्ष की आयु वर्ग के लिए
विषय - भगवान महावीर के सिद्धांतों और शिक्षाओं पर कविता अथवा कहानी के माध्यम से लिखना
2. द्वितीय वर्ग -16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग
विषय - करोना उपचार बचाव हेतु जैन सिद्धांतों का पालन करना
उपरोक्त प्रतियोगिताओं में हमें प्रथम वर्ग से तीन शाखाओं द्वारा प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी :
-ललितपुर से दो
-ट्रांस हिंडन गाजियाबाद से तीन
-जयपुर से दो
द्वितीय वर्ग में हमें निम्न प्रविष्ठियां प्राप्त हुई थी :
- ललितपुर से दो
- जयपुर से दो

केंद्रीय स्तर पर इन प्रविष्टियों की जांच हेतु इन प्रविष्टियों को अंतिम निर्णय लेने के लिए हमारे केंद्रीय संरक्षक श्री आरसी लोढ़ा जी के पास प्रेषित की गई थी। श्री आरसी लोढ़ा जी द्वारा आवश्यक जांच के बाद लिए गए निर्णय अनुसार निम्न प्रतियोगियों को केंद्रीय स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय घोषित किया गया है क्योंकि प्रविष्ठियां कम थी अतः केवल प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी में ही प्रत्याशियों को विजयी घोषित किया गया है :
1. प्रथम वर्ग 16 वर्ष की आयु तक
- मास्टर विहान जैन जयपुर शाखा - प्रथम
- कुमारी टटाअंसी जैन ललितपुर शाखा - द्वितीय
2. द्वितीय वर्ग 16 वर्ष से अधिक आयु के लिए :
- श्रीमती अनामिका जैन ललितपुर - प्रथम
- कुमारी आंसी जैन ललितपुर - द्वितीय
सभी विजई प्रतिभागियों को एवं उनकी संबंधित पदाधिकारियों को इसके लिए बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। विजई प्रतिभागियों के सर्टिफिकेट एवं सम्मान अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम के वार्षिक अधिवेशन में प्रदान किया जाएगा.

जेके जैन
महासचिव

**04.08.20**
हम यहां विशेष हृदय से आभार व्यक्त करना चाहेंगे श्री विजेंद्र कुमार जैन जी का सीनियर वाइस प्रेसिडेंट(R) एचडीएफसी बैंक जिनके द्वारा जैन बैंकर फोरम की सबसे पहली ट्रस्ट की ट्रस्टी मेंबरशिप ग्रहण करने के लिए ₹100000 की राशि स्वेच्छा से प्रदान की। उनको हमारा शत-शत नमन।

J. K. Jain
General Secretary

**27.08.20**
आदरणीय सदस्यगण
हमें सूचित करते हुए प्रसंता है कि हमारे द्वारा जारी की गई 21 जुलाई 2020 को तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट में सहायता हेतु अपील के माध्यम से हमें आज दिन तक Rs. 4.70 लाख से भी अधिक राशि के आश्वासन अखिल भारतीय जैन banker फोरम की विभिन्न शाखाओं के सदस्यों द्वारा प्राप्त हो चुके हैं इसके लिए मैं केंद्रीय कार्यकारिणी की ओर से उन सभी सदस्यों का जिन्होंने इस पुनीत कार्य में अपना आर्थिक सहयोग ट्रस्ट को प्रदान किया है का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

अपील जारी करते समय हमारी अपेक्षा थी कि हम अपने जैन बैंकर फोरम से कम से कम पांच लाख की राशि अवश्य ही एकत्रित कर पाने में सफल होंगे । हमें यह बताते हुए प्रसंता है कि इस अल्प समय में शाखा सदस्यों का असीम स्नेह सहयोग के रूप में हमें प्राप्त हुआ है हमारे द्वारा निर्धारित लक्ष्य का लगभग 94% से भी अधिक लक्ष्य प्राप्त कर लिया है ।मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि बाकी लक्ष्य भी हम सभी शाखाओं के सहयोग से शीघ्र प्राप्त कर लेंगे।*

हम यहां विशेष रूप से धन्यवाद करना चाहेंगे अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केके जैन जी एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री अरुण रपरिया जी का जिन्होंने अपील निकालने के साथ ही सबसे पहले अपनी सहमति आजीवन सदस्यता की हमें प्रदान की। हम विशेष आभार प्रकट करना चाहेंगे श्री एसपी जैन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुड़गांव से श्री भागचंद जी जैन राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एवं सचिव जयपुर यूनिट श्री वीके जैन जी सचिव

गाजियाबाद यूनिट एवं श्री अवनी जैन जी श्री मुकेश जैन जी सचिव आगरा यूनिट जिन्होंने एक लक्ष्य निर्धारित करके इस दिशा में आगे बढ़े एवं अपनी शाखाओं की ओर से बहुमूल्य योगदान हमारे ट्रस्ट को प्रदान किया। साथ ही हम हृदय से आभार व्यक्त करना चाहेंगे श्री विजेंद्र कुमार जैन सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एचडीएफसी बैंक जिनके द्वारा केवल ग्रुप में पढ़ने के बाद ही ट्रस्ट की ट्रस्टी सदस्यता ₹1.00 lakh की ग्रहण की॥

यहां मैं पुनः यह दोहराना चाहता हूं कि हमारी ट्रस्ट के माध्यम से जो भी राशि हमें दान या मेंबरशिप के रूप में प्राप्त होती है वह केवल बच्चों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दिए जाने के लिए ही प्रयोग किया जाती है अन्य किसी खर्चे में, चाहे वह वार्षिक अधिवेशन हो या अन्य खर्च किसी में भी उसका उपयोग नहीं किया जाता। पिछले 6 वर्षों में मात्र 9 या ₹10000 की राशि केवल ट्रस्ट की वेबसाइट के ऊपर खर्च की गई है अन्य किसी मद में नहीं।

पुनः आपके सहयोग के लिए बहुत-बहुत आभार।
धन्यवाद एवं शुभकामनाओं सहित।

जेके जैन
महासचिव

**06.09.20**

**Sanction of Scholarship in Tirthankar Aadinath Educational Trust**

We are pleased to advise that out of 37 applications received for scholarship from different psrt of country, 23 applications have been approved by Selection Committee of Rs. 446500/- & 14 applications rejected due to not cover as per trust norms. Sanctioned applications are as under:

Udaipur - 1 - Rs.18000/-
Bina M. P. -1 -Rs.50000/-
Jaipur - 2 - Rs.24000/-
"Baran (Raj) -1Rs.22500/-
N. Delhi - 1- Rs.40000/-
Ghaziabad - 1-Rs.8000/-
Baraut - 1 - Rs.40000/-
Vaishali
Ghaziabsd-1- Rs.50000/-
Hastinapur-11-Rs.135000/-
Palwal(Haryana)-1
Rs.19000/-
Gwalior -1- Rs.10000/-
Kanpur -1- Rs.30000/-

J. K. Jain
Mahasachiv

**06.09.20**

A sum of Rs130000/- were sanctioned on 17th July 2020 to 10 applicants as under:

Firozsbad -1- Rs.25000/-
Sagaur(M. P.)-1- Rs.10000/-
Saharanpur-2- Rs.17000/-
Ghaziabad-2- Rs.30000/-
Hastinapur -4- Rs. 48000/-

J. K. Jain
Mahasachiv

**ABJBF: 16.10.20**

महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में शाखाओं से प्राप्त प्रविष्टियों को आकलन हेतु श्री आरसी लोढ़ा जी को भेजी गई थी उनके द्वारा घोषित परिणामों के आधार पर ३०.०७.२० को घोषित पुरस्कारों की संशोधित सूची निम्न प्रकार है:-

**10 वर्ष से 16 वर्ष आयु वर्ग**

प्रथम - मास्टर बिहान जैन- जयपुर शाखा
द्वितीय - ततांशी जैन -ललित पुर शाखा
सांत्वना पुरस्कार
देवांशी जैन - जयपुर शाखा
समीक्षा जैन सुपुत्री श्री वीरेंद्र कुमार जैन - जयपुर शाखा
अनुषा जैन सुपुत्री आलोक जैन - ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा
प्रीशा जैन सुपुत्री श्री अभिषेक जैन - ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा
अर्शिया जैन सुपुत्री श्री अभिषेक जैन - ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा

**16 वर्ष से अधिक आयु वर्ग**

प्रथम - श्रीमती अनामिका जैन - ललितपुर शाखा
द्वितीय - कुमारी आंसी जैन सुपुत्री श्री अशोक कुमार जैन इंदौर -द्वारा ललितपुर शाखा
सांत्वना पुरस्कार
अनु जैन सुपुत्री श्री अशोक कुमार जैन, इंदौर -द्वारा ललितपुर शाखा
ऋतु जैन - जयपुर शाखा

इन सभी के प्रशस्ति पत्र की सॉफ्ट कॉपी वार्षिक अधिवेशन के बाद सभी प्रत्याशियों को उनके व्हाट्सएप नंबर पर प्रेषित कर दिए जाएंगे.

क्योंकि इस वर्ष पुरस्कार व्यक्तिगत रूप से दे पाना संभव नहीं है अतः यह निश्चय किया गया है कि पुरस्कार के रुप में प्रथम प्रविष्टि को 1100/- रुपए एवं द्वितीय प्रविष्टि को ₹501 का पुरस्कार नगद राशि के रूप में प्रदान किया जाएगा। संबंधित शाखा के अध्यक्ष अथवा मंत्री से अनुरोध है कि वह विजई प्रत्याशियों या उनके माता-पिता का अकाउंट नंबर की डिटेल हमें प्रेषित कर दें ताकि यह राशि उनके खातों में जमा कराई जा सके। यदि खाता एसबीआई का हो तो ज्यादा उचित रहेगा। अधिवेशन के बाद यह राशि उनके खाते में जमा करा दी जाएगी। सांत्वना पुरस्कार के रुप में केवल प्रशस्ति पत्र ही प्रेषित किया जाएगा। सभी विजई प्रत्याशियों एवं संबंधित शाखाओं को बहुत-बहुत बधाई.

जेके जैन
महासचिव

**ABJBF 16.04.21**
हमें सूचित करते हुए प्रसंता है कि आचार्य ज्ञानसागर महाराज की अद्‌भुत रचना ज्ञानोदय तीर्थ मुरैना मंदिर जिसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है मात्र 20% व कार्य बाकी है एवं इस निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु लगभग ₹5.00 करोड़ की आवश्यकता है , के लिए हमारे राष्ट्रीय महासचिव एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद यूनिट के संरक्षक श्री जे के जैन द्वा ₹1.0 लाख की राशि दान स्वरूप प्रदान की।

महासचिव

**ABJBF 13.05.21**
हमें एक आवेदन बुराड़ी दिल्लीसे सहयोग हेतु प्राप्त हुआ था उसके बारे में आवश्यक (वेस्ट दिल्ली ) के बाद यह पाया गया कि उसे वास्तव में सहयोग की आवश्यकता है जानकारी निकालने। क्योंकि वेस्ट दिल्ली में हमारे फोरम की कोई शाखा वर्तमान में कार्य नहीं कर रही है अतह :मारे द्वारा अपने व्यक्तिगत खाते से ₹2500की राशि राशन हेतु उनके द्वारा बताए गए अकाउंट में ट्रांसफर कर दी गई है।

जेके जैन, महासचिव

**ABJBF 18.05.21**
फरीदाबाद से एक जैन परिवार का जिसका 7 साल का बच्चा करोना से ग्रसित था के इलाज के लिए आर्थिक सहायता हेतु आवेदन प्राप्त हुआ था मुझे सूचित करते हुए प्रसंता है कि हमारे राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री एसपी जैन जी द्वारा अपनी व्यक्तिगत खाते से ₹5000 की राशि का सहयोग उन्हें किया इसके लिए हम उनका ह्रदय से हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं

जेके जैन, महासचिव

**ABJBF 29.05.21**
27 मई 2021 (बृहस्पतिवारको हमारे परम आराध्य सराकोद्धारक आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज का ( षस्टम पट्टाचार्य पदारोहण दिवसपर फोरम के सदस्यों (देश के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों) द्वारा आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज की पूजन एवं शाम को आरती की गई। साथ ही उस दिन हमारे द्वारा एक घंटे का भक्तामर स्त्रोत पाठ जूम ऐप के माध्यम से किया गया। यह पाठ दोपहर 2:00 से 3:00 तक किया गया. पाठ में भाग लेने के लिए क्रम से भाग लेने वाले सभी सदस्यों को मौका दिया गया ।

हमारी परम श्रद्धेय अनीता दीदी से प्राप्त निर्देशानुसार पसरकोद्धारक .पू., षष्ठपट्टाचार्य आचार्यरत्न श्री108 ज्ञानसागर जी महा मुनिराज के 9 वें आचार्य पदारोहण समारोह 29 मई 2021 को प्रातः 8:30 बजे से 9:00 के बीच पर फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के के जैन एवं राष्ट्रीय महासचिव श्री जेके जैन को दीप प्रज्वलन व ज़ूम द्वारा अपनी विन्यांजलि प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

जे के जैन
महासचिव

**ABJBF 30.05.21**
कोरोना महामारी के समय जब काफी जैन परिवार रोजी रोटी के लिए परेशान थे उस वक्त तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट जोकि अखिल भारतीय बैंकर की एक सहयोगी संस्था है, द्वारा जैन परिवारों को सहयोग देने का बीड़ा उठाना निश्चित रूप से एक सराहनीय एवं मानवता के प्रति एक उदाहरण है और इतने अल्प समय में 111 जैन परिवारों को Rs.2.5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता पहुंचाना वास्तव में एक उदाहरण प्रस्तुत करता है जिसके लिए मैं ट्रस्ट के पदाधिकारियों को उनके समर्थित समर्पित भावना के लिए एवं सहयोग देने वाले सभी ट्रस्ट एवं जैन बैंकर सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और उनके दान की अनुमोदना करते हुए उन्हें साधुवाद प्रदान करता हूं इस योगदान में जैन बैंकरो द्वारा भी लगभग ₹54000 की राशि का सहयोग प्रदान किया है। जिसके लिए उनका भी बहुतबहुत - आभार एवं साधुवाद।

परंतु अभी यह संकट रुका नहीं है अभी व्यापारिक संस्थान खुलने में निश्चित ही कुछ समय लगेगा अतः यदि आगे भी आवेदन आते हैं हो उनको हमें सहयोग जारी रखने का क्रम जारी रखना चाहिए

धन्यवाद शुभकामनाओं सहित

जेके जैन

**ABJBF 06.06.21**
जैसा कि आप सभी को विदित है हम हर वर्ष शाखाओं द्वारा 1 सितंबर से 31 अगस्त तक किए गए कार्यों के आधार पर निम्न कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ शाखाओं का चयन करते हैं:

- सर्वश्रेष्ठ Emerging शाखा जिन शाखाओं का गठन वर्तमान वर्ष में किया गया है उनमें से एक सर्वश्रेष्ठ ) इस वर्ष ( शाखा का चयन4 नई शाखाओं का गठन किया गया है सागर मध्)य प्रदेश भीलवाड़ा ( .(हरियाणा) रोहतक (राजस्थान) बारा (राजस्थान)

- अधिकतम सदस्य संख्या बढ़ाने पर सर्वश्रेष्ठ सदस्य संख्या वृद्धि शाखा

- शाखा द्वारा सभी क्षेत्रों मैं किए गए कार्यों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ शाखा

- सर्वश्रेष्ठ प्रथम रनर अप शाखा

- सर्वश्रेष्ठ द्वितीय रनर अप शाखा

इस संबंध में फोरम द्वारा एक प्रारूप तैयार किया गया है। शाखा द्वारा 1 सितंबर 2020 से 31 अगस्त 2021 तक किए गए कार्यों का पूर्ण विवरण इस प्रारूप में दर्शना है इस संबंध में शाखा अध्यक्ष सचिवों / से अनुरोध है कि इस प्रारूप में केवल उन्हींकार्यों को सम्मिलित किया जाए जो कार्य अखिल भारतीय बैंकर फोरम के बैनर के नीचे किया गया है एवं 1 सितंबर 2020 से 31 अगस्त 2021 के मध्य किए गए हैं।

सर्वश्रेष्ठ शाखा चयन का प्रारूप उन सभी शाखाओं के अध्यक्ष एवं मंत्रियों को उनके ईमेल आईडी पर कल प्रेषित कर दिया गया हैं जिनके ईमेल आईडी मेरे पास प्राप्त हो चुके थे यदि किसी शाखा के अध्यक्ष एवं मंत्री को यह प्रारूप प्राप्त ना हुआ हो तो कृपया मुझे अपना वर्तमान ईमेल आईडी मेरे व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रेषित कर दें ताकि उन्हें भी वह प्रारूप प्रेषित किया जा सके।

धन्यवाद शुभकामनाओं सहित।

जेके जैन

महासचिव

**ABJBF 07.06.21**

9 जून 2021 वह पावन दिन है जब तीर्थंकर शांतिनाथ भगवान के तीन कल्याणक जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक हुए थे अतः मेरा अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की सभी शाखाओं के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वह उस दिन भगवान शांतिनाथ का लघु शांति विधान या वृहत शांति विधान जो भी संभव हो वह कराने करने का प्रयास करें /। वृहत शांति विधान में 1 घंटे का समय लगता है एवं लघु शांति विधान में मात्र 10 से 15 मिनट लगते हैं। साथ ही उस दिन शांतिनाथ भगवान की एक जाप एवं शाम को भगवान शांतिनाथ की आरती भी करने की कोशिश करें। शाखाओं के सभी अध्यक्ष मंत्रियों से / अनुरोध है कि यह संदेश अपनी सभी शाखाओं के व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रेषित करें एवं किए गए विधान एवं आरती की फोटो हमें प्रेषित करें।

जेके जैन

महासचिव

**ABJBF 14.06.21**

कल श्रुत पंचमी है। सभी जैन बैंकर सदस्यों से अनुरोध है कि वह यदि संभव हो तो इस जूम एप से जुड़ कर एवं अपने मस्तक पर मां जिनवाणी विराजमान करके घर में ही उसका जुलूस निकाले। यदि आप जूम एप पर नहीं जुड़ पा रहे हैं तो भी आप यह जुलूस निकाले एवं उसकी फोटो ग्रुप पर शेयर करें।

जेके जैन

**ABJBF 18.06.21**

सभी शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री से अनुरोध है कि वह आने वाले माह जुलाई एवं अगस्त में शाखा स्तर पर निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकता है :

1. पर्यावरण की रक्षा हेतु जैन मंदिरों स्कूल कॉलेजों मैं वृक्षारोपण एवं उसके संरक्षण की जिम्मेदारी प्रदान करना।
2. On Line बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन जिसमें व्यवसायिक एवं विद्यार्थियों की बैंकिंग संबंधी समस्याओं का निराकरण हेतु बैंकिंग Experts अधिकारियों द्वारा बैंक संबंधी योजनाओं की जानकारी एवं स्थानीय निवासियों की बैंकिंग संबंधित समस्याओं का निराकरण।

3. शिक्षा क्षेत्र में उन बच्चों के लिए जिन्हें आगामी समय में अपनी शिक्षा संबंधी निर्णय लेने हैं के लिए कैरियर काउंसलिंग का ऑनलाइन आयोजन।

4. अपने निकटवर्ती क्षेत्र या सोसाइटी में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

5. धार्मिक कार्यक्रम में शाखाएं 10 वर्ष से 25 वर्ष तक के बच्चों के मध्य दो वर्गों में एक भक्तांबर पाठ पाठन की प्रतियोगिता का आयोजन कर सकते हैं प्रथम वर्ग 10 से 15 वर्ष एवं द्वितीय वर्ग 15 वर्ष से अधिक एवं 25 वर्ष तक। शाखाएं अपने स्तर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे एवं उस में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बच्चों को पुरस्कृत करेंगे। प्रतियोगिता में भक्तांबर पाठ पाठंन के लिए कंठस्थ आदि के आधार पर प्रतियोगियों का चयन किया जाएगा (बिना पुस्तक देखें पाठंन)। साथ ही शाखाओं द्वारा प्रथम आए बच्चों के नाम केंद्रीय कार्यालय को भेजे जाएंगे। केंद्रीय कार्यालय को प्राप्त प्रतियोगियों के मध्य केंद्रीय स्तर पर जूम मीटिंग के माध्यम से उन बच्चों के मध्य एक प्रतियोगिता करा कर उसमें से तीन बच्चों को केंद्रीय स्तर पर चयन कर उनको पुरस्कृत किया जाएगा एवं केंद्रीय कार्यालय को प्राप्त बाकी सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

धन्यवाद शुभकामनाओं सहित।

| | |
|---|---|
| जेके जैन | केके जैन |
| महासचिव | अध्यक्ष |